आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 03.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- मुख्य सचिव ने लिटिल अण्डमान का दौरा कर पर्यटन संभावनाओं का जायजा लिया।
- फिट इंडिया वेलनेस कार्यक्रम का सफल आयोजन।
- राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- अण्डमान निकोबार कमान और प्रशासन के सहयोग से द्वीपसमूह में आयोजित ट्राईथलान चैंलेज का शानदार समापन।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, पुलिस अधीक्षक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल लिटिल अण्डमान के आधिकारिक दौरे पर हैं। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत मुख्य सचिव और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कल स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के उददेश्य से विभिन्न आउटडोर गतिविधियों का उद्घाटन किया। मुख्य सचिव ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसके बाद चिदंबरम पार्क में योग सत्र का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने सक्रिय जीवन शैली अपनाने के महत्व पर जोर दिया। बाद में मुख्य सचिव ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हट बे का दौरा कर चिकित्सा अधिकारी और अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बातचीत की। इसके बाद, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में लिटिल अंडमान तहसील के पंचायती राज संस्थाओं और सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र की प्रमुख विकासात्मक मुददों पर ध्यान केंद्रित किया गया। मुख्य सचिव ने लिटिल अंडमान में एकमात्र निकोबारी आदिवासी समुदाय की बस्ती हरमिंदर बे गांव का दौरा कर प्रथम कैप्टन और आदिवासी परिषद के सचिव से मुलाकात की। इसके अलावा, मुख्य सचिव और उनके साथ आए गणमान्य व्यक्तियों ने लाइटहाउस और व्हाइट सर्फ वाटरफॉल सहित प्रमुख पर्यटक आकर्षणों का दौरा किया, जहाँ उन्होंने द्वीप की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन क्षमता का अवलोकन किया।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय और शिक्षा एवं युवा मामले निदेशालय के सहयोग से खेल प्राधिकरण द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिट इंडिया विंड वेव्स एण्ड वेलनेस" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन कल कावाईंन्स कोव और लिटिल अण्डमान के चिड्रर्न्स पार्क में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत संडे ऑन साइकल पहल के साथ हुई, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद कई पारम्परिक खेलों के आयोजन भी हुए। कार्यक्रम में तीन सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिससे फिट इंडिया मूवमेंट का मुख्य संदेश ''स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना'' प्रभावी रूप से जन–जन तक पहुंचा।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के इतिहास, सौन्दर्य, संस्कृति एवं विरासत के बारे में जागरूकता पैदा करने और उसे संरक्षित करने के उद्देश्य से कला और संस्कृति विभाग अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह से संबंधित विषयों पर ऑनलाइन मोड के माध्यम से लघु फिल्म प्रतियोगिता के साथ–साथ फोटोंग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। यह प्रतियोगिता प्रतिभागियों में रचनात्मकता, कहानी कौशल, फिल्म निर्माण और फोटोग्राफी प्रदर्शित करने तथा द्वीपों के अनूठे आकर्षण को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। प्रतिभागी अण्डमान डॉट माई जी ओ वी डॉट इन पर पन्द्रह अप्रैल की मध्यरात्रि तक आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रत्येक प्रतिभागी को केवल एक प्रविष्टि जमा करने की अनुमति होगी। प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन विजेताओं को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट को देखा जा सकता है।

<><><><><><>

अण्डमान निकोबार कमान और प्रशासन के सहयोग से द्वीपसमूह में आयोजित ट्राईथलान चैंलेज का सफल समापन हुआ। यह प्रतियोगिता कल चिड़ियाटापू में आयोजित की गई थी। इस रोमांचक प्रतियोगिता का उद्घाटन अण्डमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने किया, जिसमें देश भर से आए एथलीटों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में स्प्रिन्ट, ओलम्पिक, हॉफ आयरन मैन और हॉफ आयरन मैन रिले जैसी श्रेणियों को शामिल किया गया, जिससे क्षेत्र में खेल पर्यटकों को और बल मिला। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो हजार तेईस में दी गई प्रेरणा के चलते शुरू की गई है, जिसका उददेश्य द्वीपसमूह को साहसिक खेलों का प्रमुख केन्द्र बनाना है।

पर्यटन को बढ़ावा देने के उददेश्य को आगे बढ़ाते हुए अण्डमान निकोबार कमान तेरह अप्रैल को द्वीपसमूह में सबसे बड़ा मैराथन आयोजित करेगा। यह आयोजन न केवल फिटनेस को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यटन को भी एक नई दिशा देगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोर अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं पर हाल ही में टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में एएनएम और परामर्शदाताओं के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उददेश्य किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के दायरे को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर सीमित रखने से बढ़ाकर पोषण, लिंग आधारित हिंसा सहित गैर संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के सेवन के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉक्टर सुजा एंथनी, परिवार कल्याण उप निदेशक डॉक्टर एच.एम. सिद्धा राजू, स्वास्थ्य उप निदेशक डॉक्टर अविजित राय, एड्स नियंत्रण सोसायटी के परियोजना निदेशक डॉक्टर सुब्रतो साहा उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉक्टर सुजा एंथनी ने स्वास्थ्य संस्थानों में नियमित स्वास्थ्य क्लीनिक आयोजित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के कुल अटठाइस एएनएम और पन्द्रह परामर्शदाताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

<><><><><><><>

महिला दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से महिला फुटबॉल का आयोजन किया जाएगा। आठ मार्च को दोपहर दो बजे से जे एन आर एम फुटबॉल मैदान में ए एफ सी महिला फुटबॉल मैच खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का प्रवेश निःशुल्क है।

उधर खेल और युवा मामले विभाग की ओर से आठ मार्च को श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम परिसर, में महिला दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारियों और आम जनता के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें अट्ठारह से चालीस वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकती है। प्रतियोगिता में फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, साइकिलिंग, सैक रेस और रस्साकशी जैसे खेल शामिल हैं। दूसरी श्रेणी में इकतालीस से साठ वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के लिए वॉकिंग रेस, स्पून मार्बल रेस, रिवर्स वॉकिंग और पासिंग द बॉल जैसी प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। सभी इच्छुक महिलाएं कल तक अपना नाम डॉ. एस. उषा रानी, के पास मोबाइल नंबर 9531929184 पर पंजीकृत करा सकती हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रशासन की सक्रिय और रणनीतिक पहल से द्वीपसमूह में पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई–द डेली टेलीग्राम्स की बड़ी खबर है। राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए अनिवार्य ई–केवाईसी की अंतिम समय सीमा घोषित करने के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। पारम्परिक निकोबारी लोक कथाओं और लोक गीतों पर पुस्तक प्रकाशित करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है। द्वीपों के एक और युवा शतरंज खिलाड़ी के अंतरराष्ट्रीय फिडे रेटिंग हासिल करने के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्नों में प्रकाशित किया है। पदमश्री नरेश चन्द्र लाल के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टुसनाबाद के दौरे के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने सचित्र प्रकाशित किया है। मुख्य सचिव ने फिट इंडिया मूवमेंट के तहत लिटिल अण्डमान में आउटडोर गतिविधियों का उद्घाटन करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने प्रमुखता दी है।

**<><><><><><><>**